हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 11 सितंबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

04 आरोपः अधिकारियों के दौरे पर ही खुलता है...

07 सेवानिवृत्त शिक्षक से एरियर निकालने के...

खबर संक्षेप में

69वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन में शामिल होंगे सांसद

मंदसौर। मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका में 69वें कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन में भारत की ओर से भाग लेने के लिए नामांकित किया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष द्वारा सांसद सुधीर गुप्ता का नामांकन किया गया है। यह सम्मेलन 13 से 19 सितंबर 2026 तक केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर संसदीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सदस्य देशों के सांसद अपने अनुभव, विचार और संसदीय व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे। मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र के लिए भी महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सम्मेलन में उनकी भागीदारी से उन्हें विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद करने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की लोकतांत्रिक एवं संसदीय व्यवस्था से जुड़े विषयों पर विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। कॉमनवेल्थ संसदीय सम्मेलन राष्ट्रमंडल देशों के सांसदों के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच है। इस सम्मेलन में विभिन्न देशों के जनप्रतिनिधि संसदीय लोकतंत्र, सुशासन, जनप्रतिनिधियों की भूमिका तथा समसामयिक संसदीय विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। सम्मेलन के माध्यम से सदस्य देशों के बीच संसदीय अनुभवों और श्रेष्ठ प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान भी होता है। सम्मेलन के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न सत्रों एवं कार्यशालाओं में भागीदारी की जाएगी।

पर्युषण पर्व में धार्मिक अष्टान्हिका व्याख्यान, धर्म सभा को सुनने उमड़ रही भीड़

आगम शास्त्र हमारे लिए अंधेरे में प्रकाश के समान है, जो हमें धर्म मार्ग पर चलने की राह दिखाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पर्युषण महापर्व के आठ दिनों में हमें एक-एक कर्मों का क्षय करना है। अनादि काल से भव - भ्रमण के बाद हमें यहां दुर्लभ मानव जीवन मिला है, इस जीवन का सदुपयोग कर इसे धर्म कार्य, पुण्य कार्य में लगाए तभी हमारा यहां जीवन मिलना सार्थक होगा। आगम शास्त्र हमारे लिए अंधेरे में प्रकाश के समान है, जो हमें धर्म मार्ग पर चलने की राह दिखाते है। जो धर्म को पकड़ कर रखता है, धर्म उसकी विपत्ति आने पर अवश्य ही रक्षा करता है। पर्युषण पर्व के इन दिनों में प्रत्येक श्रावक को पांच कर्तव्य तथा वार्षिक 11 कर्तव्य पूर्ण करना चाहिए। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में कलीकुंड तीर्थेद्धारक परम पूज्य गुरुदेव श्री राजेंद्र सुरीश्वर जी महाराज साहेब की आज्ञानुवर्ती परम पूज्य साध्वी श्री राजगुणा श्री जी महाराज साहेब आदि ठाणा 4 का चातुर्मास चल रहा है। साध्वी जी की पावन निश्रा में समाजजनों द्वारा पवित्र अध्यात्म महापर्व पर्वाधिराज पर्युषण श्रद्धा भक्ति के साथ मनाये जा रहे है। पर्वाधिराज पर्युषण की आठ दिवसीय आराधना श्रावक और श्राविकाओं को सामूहिक रूप से करवाने के लिए समकित परिवार मुंबई से 3 साधर्मिक भाई खुशाल भाई, नितेश भाई, अभिषेक भाई नलखेड़ा पधारे हैं। जिनके सानिध्य तथा जैन श्वे मूर्तिपूजक श्रीसंघ के तत्वाधान में जिनमंदिर जी तथा आराधना भवन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

पर्युषण महापर्व के अंतर्गत प्रथम तीन दिवस अष्टान्हिका व्याख्यान हुए। जिसमें पर्व के दौरान श्रावक को करने योग्य 5 कर्तव्य जिसमें अमारी प्रवर्तन, साधार्मिक भक्ति, क्षमापना, अठ्ठमतप, चैत्य परिपाटी का विस्तृत विवेचन किया गया। वहीं वार्षिक 11 कर्तव्यों के बारे में भी उपस्थित समाज जनों को बताया गया। जिसमें पौषध, आत्मा का औषध पर प्रकाश डाला गया। समकित ग्रुप के द्वारा उपाश्रय जी में एक शानदार डिबेट कार्यक्रम का आयोजन किया। डिबेट के विषय संयुक्त परिवार वर्सेस विलयक्त परिवार। संयम वर्सेस संसार। रात्रि भोजन वर्सेस चोविहार था। इस कार्यक्रम में 6 टीमों के बीच रोचक एवं विचारोत्तेजक डिबेट हुई। 11 सितंबर शुक्रवार पर्युषण का चौथा दिवस आगम शास्त्र कल्पसूत्र का वांचन प्रारंभ होगा। शनिवार पर्युषण का पांचवा दिवस भगवान महावीर का जन्म वांचन, माता त्रिशला रानी द्वारा देखे गए 14 स्वप्न के दर्शन का कार्यक्रम जैन आराधना भवन में होगा।

पर्युषण पर्व में जीवन परिवर्तन करने से ही आत्मा का कल्याण होगा

समेकित परिवार से पधारे खुशाल भाई ने समाज जनों से कहा कि जीवन में जिसने क्रोध, मान, माया, लोभ, तथा अपनी इन्द्रियो पर विजय पा ली वही आत्मा मोक्ष पद की अधिकारी बन जाती है। मनुष्य जीवन एक अवसर है स्वयं की आत्मा को पहचानने का। जिन्दगी में तो अनंत की संभावना है, इसमें अनंत शक्तिया छिपी है व असंख्य दिव्यताए मौजूद है। इन्हे पहचानना ही जिन्दगी का असली मकसद होना चाहिये। उन्होंने कहाकि पर्व के दिनों में हमें ज्ञानवर्णी कर्म का क्षय करना चाहिए। आंख पर पट्टी बंधी हो तो हमें कोई दिखाई नहीं देता है इसी प्रकार अज्ञानता वश हम ज्ञान, ज्ञानी व ज्ञान के उपकरण की आशातना कर लेते हैं जिससे हमारा ज्ञानवर्णी कर्म का बंध हो जाता है। जब यहां कर्म उदय में आता है तो कोई गुंगा कोई बहरा तो कोई सुन नहीं पाता है। यह सब ज्ञानवर्णी कर्म के उदय से होता है। उन्होंने कहाकि दर्शावर्णी कर्म का भी हमें इन दिनों क्षय करना चाहिए उन्हें कहा कि जैसे राजा से मिलना है तो पहले उनके द्वारपाल से मिलकर सूचना देना होती है। तब वह हमें राजा से मिलने देता है। इसी प्रकार परमात्मा के प्रति प्रीति बढ़ाने के भाव जागृत होते हैं लेकिन अचानक से कोई संदेश आ जाता है तो हम परमात्मा के दर्शन पूजन करने से भी वंचित हो जाते हैं। हमें दर्शा वर्णी कर्म का क्षय करने का पुरुषार्थ करना होगा। देव,गुरु धर्म के प्रति श्रद्धा जागृत होती है तभी हम ज्ञानवर्णी व दर्शावर्णी कर्म का क्षय कर सकते हैं।

विभिन्न धर्म आराधना हो रही

पर्व के दिनों में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे भक्तामर के साथ परमात्मा का अभिषेक, केसर पूजा, स्नात्र पूजा, 9:30 बजे शास्त्र वाचन तथा प्रवचन, दोपहर में जिन मंदिर जी में पूजन, प्रातः एवं संध्याकालीन प्रतिक्रमण, आरती प्रभु भक्ति के साथ प्रतिदिन धार्मिक प्रतियोगिता भी चल रही है। पर्व के दिनों में मंदिर जी में परमात्मा की मनमोहक, मनोहारी आंगी रचना सुरेश कुमार काठेड़ रंगीला तथा उनकी पार्टी द्वारा की जा रही है।

कल्पसूत्र शास्त्र की शोभायात्रा निकलेगी आज

पर्यूषण महापर्व के दौरान कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन भी होता है। शुक्रवार को प्रातः 8 बजे कल्पसूत्र शास्त्र की शोभायात्रा लाभार्थी सुरेश कुमार पुनीत कुमार कांठेड़ के निवास बगलामुखी मार्ग से निकाली जावेगी। जिसमें लाभार्थी परिवार शास्त्रजी को सिर पर धारण कर गाजे-बाजे एवं सकल श्री संघ के साथ जैन आराधना भवन तक ले जाया जाएगा। जहां पर शास्त्र वाचन हेतु भेंट किया जाएगा। इसके पूर्व पांच ज्ञान की पूजन लाभार्थी परिवारों द्वारा वासक्षेप से की जाएगी। गुरुवार को लाभार्थी सुरेश कुमार पुनीत कुमार कांठेड़ के निवास पर कल्पसूत्र शास्त्र की भक्ति का कार्यक्रम रखा गया। इसमें राजेश भाई एन्ड पार्टी, चौमहला, श्री हेमप्रभा महिला मंडल,श्री चंदाप्रभु बहु मंडल के द्वारा जैन भजनों पर आधारित भक्ति की प्रस्तुति दी गई। बुधवार को रात्रि 8:00 बजे उपाश्रय जी में एक शानदार एवं मनोरंजक कार्यक्रम मनोरंजन से मनोमंथन का आयोजन किया गया। इस मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में समाज के युवाओं द्वारा भाग लिया गया।

बड़ा महादेव परिसर में दानदाताओं के सहयोग से लगाई बेन्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानपुरा

अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित बड़ा महादेव आरोग्य धाम क्षेत्र जो भानपुरा क्षेत्र का प्रसिद्ध चमत्कारिक व आस्था का धार्मिक स्थल व पर्यटन स्थल है यहां के धर्मालु बंधुओं के लगातार सेवा कार्य के चलते तथा अपनी लगातार सेवाएं देने से प्रभावित होकर दानदाताओं के सहयोग से लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। गुरुवार 10 सितम्बर को 10 दानदाताओं के सहयोग से बड़ा महादेव आरोग्य धाम क्षेत्र के सड़क के दोनों ओर आराम देह बेन्चे लगाईं गई। पुर्व में भी कई दानदाताओं के सहयोग से सड़क मार्ग व धर्मशाला व जलाशय के समीप यह बेन्चे लगाईं गई थी,साथ ही इस वर्ष दो किचन शेड का निर्माण किया गया यहां नव निर्मित धर्मशाला में भी बेन्चे लगाकर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।समाज सेवी व व वार्ड नंबर 15 के पार्षद प्रतिनिधि प्रवेश पनिहार तथा बड़े महादेव मंदिर क्षेत्र में सदैव सैवा कार्य में अगृणी व्यवस्थापक मनोज मंगरोलिया ने बताया कि यहां बड़ रही अनेक सुविधाओं से आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक प्रसन्न हैं ।

स्व.डाबी की स्मृति में विद्यालय को भेंट किया वाटर कूलर

कक्षा 10वीं-12वीं के प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को 2100 रू. प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साबाखेड़ा

पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सांदीपनि विद्यालय, साबाखेड़ा के पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्वर्गीय दिलीपसिंह डाबी की स्मृति में डाबी परिवार द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए विद्यालय में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर भेंट किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, करणी सेना की अध्यक्ष दुर्गेश भाटी, अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह तोमर, शैलेन्द्र सिंह राठौर एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री विनीत अग्रवाल सहित विद्यालय परिवार और डाबी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर डाबी परिवार द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक और महत्वपूर्ण घोषणा की गई। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2100 रू. की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। डाबी परिवार की इस घोषणा से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल बना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि स्वर्गीय दिलीप सिंह डाबी का शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की स्मृति को केवल याद करने के बजाय सेवा और समाजहित के कार्यों से जोड़ना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। डाबी परिवार द्वारा विद्यालय में वाटर कूलर भेंट करना विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सेवा है, वहीं प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर मिट्टी के गणेश बनाओ हुई प्रतियोगिता

भानपुरा। ग्राम भारती शिक्षा समिति गरोठ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अंत्रालिया तहसील भानपुरा में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखते हुए ₹मिट्टी के गणेश बनाओ प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्राकृतिक मिट्टी से आकर्षक एवं सुंदर गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण के अनुकूल पर्व मनाने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस एवं रासायनिक रंगों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय परिवार ने प्रतिभागी सरस्वती विद्यालय के सभी भैया-बहनों के प्रयासों की सराहना करते

हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र सेन ने बताया कि विद्यालय के 175 छात्र-छात्राओं ने गणपति भगवान की प्रतिमाएं बनाई एवं विद्यालय के इन भाई बहनों के माध्यम से पूरे अंत्रालिया व समीपस्थ गांव में मिट्टी के द्वारा बनाए गए गणपति जी की स्थापना का संदेश पहुंच रहा है।

आस्था का केंद्र बना लदुसा का सांवरिया सेठ मंदिर

मन्दसौर। मालवा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एवं दिव्य धार्मिक स्थल, भगवान लक्ष्मीनारायण सांवरिया सेठ मंदिर लदुसा में भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी, गुरुवार को अपार श्रद्धा और उत्साह के बीच मंदिर का दानपात्र खोला गया। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार दानपात्र से कुल 15 लाख 8 हजार 12 रुपये की रिकॉर्ड दान राशि प्राप्त हुई है। इसके साथ ही, भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी ठाकुर जी की बढ़ती ख्याति का प्रमाण देते हुए दानपात्र से कुवैत, सऊदी अरब, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देशों की विदेशी करेंसी भी निकली है।

मंदिर ट्रस्ट के पं. महेश व्यास लदूसा ने बताया कि लदुसा का यह पावन धाम आज सर्वधर्म समभाव का एक अद्भुत प्रतीक बन चुका है। मालवा क्षेत्र का यह मंदिर अब ऐसा जाग्रत स्थल बन गया है यहां जो भी भक्त सच्चे मन से अपनी अर्जी लेकर आता है, वह कभी खाली हाथ नहीं लौटता।पं. व्यास ने बताया कि मंदिर में धार्मिक आयोजनों की निरंतरता बनी हुई है। विगत दिनों जन्माष्टमी के पावन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सांवरिया सेठ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी संपन्न हुआ। अब मंदिर समिति द्वारा आगामी ह्यजलझूलनी एकादशीह्न के पर्व को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बनाने के लिए एक विशेष रूपरेखा तैयार की जा रही है। दानपात्र गणना और आयोजन के इस विशेष अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी भगवानदास बैरागी, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर पपोन्डिया, पटेल ओम प्रकाश ठन्ना, वरिष्ठ बद्रीलाल धाकड़, मन्नालाल प्रजापत, श्यामलाल धोबी सहित मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही अमावस्या के पावन अवसर पर आयोजित महाआरती एवं महाप्रसादी के मुख्य लाभार्थी ग्राम पंचायत बाबरेचा के सरपंच प्रहलाद सिंह पिता लक्ष्मीचंद सोनगरा रहे।

12 सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

नलखेड़ा। जिले में 12 सितम्बर, शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। जिसमें विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलो वाट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट दी जाएगी। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड आगर के कार्यपालन यंत्री इंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विद्युत कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जावेगी। वही लिटिगेशन प्रकरणों में विद्युत कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माह चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जावेगी। उक्त छूट का लाभ केवल आंकलित सिविल दायित्व की राशि रुपये दस लाख तक के निर्धारित भार सीमा के अधीन प्रकरणों पर ही दिया जावेगा। ऐसे उपभोक्ता जो नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरण का निराकरण करवायेंगे उनका न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण (लिटिगेशन) एवं न्यायालय में दर्ज होने वाले प्रकरण (प्री-लिटिगेशन) को पूर्ण रूप से समाप्त कर दिया जावेगा।

मिट्टी से बनाई गणेश प्रतिमाएं प्राचार्य को भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मंदसौर के अंतर्गत सेक्टर दलौदा के ग्राम नगरी में ह्यह्यमाटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत नगर विकास प्रस्फुटन समिति नगरी एवं यूनिवर्सल एकेडमी नगरी के संयुक्त तत्वावधान में मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाईं। इस दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण तथा जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड परामर्शदाता रूपदेव सिंह सिसोदिया, विद्यालय प्राचार्य गोपाल धाकड़ एवं विद्यालय प्रबंधक जगन्नाथ विश्वकर्मा उपस्थित रहे। रूपदेव सिंह सिसोदिया ने कहा कि गणेश उत्सव आस्था एवं संस्कृति का पर्व है। पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को अपनाना चाहिए। प्राचार्य गोपाल धाकड़ ने कहा कि विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संस्कार विकसित करना आवश्यक है। प्रबंधक जगन्नाथ विश्वकर्मा ने कहा कि हमारी आस्था ऐसी हो, जो प्रकृति के लिए भी आशीर्वाद बने। उन्होंने सभी से पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव मनाने का आह्वान किया। कार्यशाला के माध्यम से मिट्टी के गणेश अपनाएं, जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाएं का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मिट्टी की गणेश प्रतिमा प्राचार्य गोपाल धाकड़ को भेंट कर गणेशजी का आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष राहुल धाकड़, सचिव रवि विश्वकर्मा, समिति सदस्य राजकुमार खारोल, किरण धाकड़ सहित विद्यालय के शिक्षकगण, समिति सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद् नलखेड़ा जिला -आगर-मालवा (म.प्र.)

क्रमांक / निर्माण/ई-टेण्डरिंग/2026/1498 — नलखेड़ा, दिनांक 03-09-2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नलखेड़ा द्वारा नीचे दिये निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने है। जिसकी ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल http:/mptenders.gov.in के माध्यम से यू.ए.डी.डी. एस.ओ.आर. प्रचलित से लागू दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

क्र	ऑनलाईन टेंडर नं.	कार्य का नाम	अनुमान पत्रक (लाख मे)	अर्नेस्ट मनी	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_533812_1	उच्चकुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल मैनपावर की सेवाएँ प्रदान करना।	15.00	45000	2000	24 माह

निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 08-09-2026 से 05-10-2026

निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 05-10-2026 एवं उक्त निविदा दिनांक 07-10-2026 को ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जायेंगे। केवल उपरोक्त वेब साइट से ही ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है।

नोट :- निविदा की विस्तृत शर्ते एवं प्राक्कलन का अवलोकन कार्यालयीन समय मे कार्यालय मे प्राप्त कर सकते है।

(अंतिम विजय सोनी)
अध्यक्ष
नगर परिषद् नलखेड़ा

(मिनी अग्रवाल)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् नलखेड़ा

खबर संक्षेप

चौहान का निरीक्षक के पद पर हुआ प्रमोशन

चापडा। पुलिस मुख्यालय भोपाल ने सोमवार को पुलिसकर्मियों की पदोन्नति सूची जारी की,जिसमें पुलिस चौकी चापडा प्रभारी एसआई राकेश चौहान का निरीक्षक के पद पर प्रमोशन हुआ है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने मंगलवार कोचौहान को पदोन्नति मिलने पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान चापडा में चौहान जगह-जगह स्वागत किया गया।

छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

देवास। आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित किए जा रहे छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक बैठक निजी गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में देवास प्रभारी पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह शेरा भैय्या उपस्थित थे। बैठक को वरिष्ठ नेता राजेंद्र मालवीय, मनोज राजानी, पूर्व महापौर रेखा वर्मा, शौकत हुसैन, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी आदि ने संबोधित किया। वरिष्ठ नेताओं ने अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन कराने का लक्ष्य निर्धारित करने की बात रखी। बैठक का संचालन प्रवक्ता हारिस गजधर ने किया और आभार सुजीत सांगते ने व्यक्त किया।

स्वामी विद्यानंद की मनाई आठवीं पुण्यतिथि

सोनकच्छ। अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी विद्यानंद महाराज की आठवीं पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्वामी जी के सेवा कार्यों को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त किए और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में आनंद आश्रम के उपाध्यक्ष बाबूलाल परमार, कोषाध्यक्ष राधेश्याम जोशी, महामंत्री सौभाग सिंह ठाकुर, ट्रस्टी मधुसूदन राठी, ओमप्रकाश पाटनी, कैलाश चंद परमार, हरीश मुंगी, राजेंद्र कुमार व्यास, गणेश शर्मा, हरीश डाबी, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संत प्रेमानंद महाराज, किशोर नायक सहित भक्तगण मौजूद रहे।

लोकार्पण के बाद भी शोपीस बना लाखों का उप स्वास्थ्य केंद्र

आरोपः अधिकारियों के दौरे पर ही खुलता है अस्पताल, आम दिनों में न डॉक्टर न दवाइयां

ग्रामीणों के अनुसार छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी जाना पड़ता है दूर, लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए भवन का उद्देश्य ही अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांठाफोड़

कन्नौद विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम सुरमन्या में लाखों रुपये की लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र लोकार्पण के बाद भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भवन बनने और लोकार्पण के बाद से ही स्वास्थ्य केंद्र नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है। यहां न तो नियमित स्वास्थ्यकर्मी बैठते हैं और न ही ग्रामीणों को दवाइयां एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र अधिकांश समय बंद रहता है। उनका आरोप है कि जब ब्लॉक या जिला स्तर के अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचते हैं, तभी केंद्र को खोला जाता है। वहीं, मौके पर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गंदगी भी देखने को मिली, जिससे केंद्र के नियमित संचालन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

तीन साल से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी नहीं आने का आरोप

ग्रामीण जगदीश ने बताया कि पिछले करीब तीन वर्षों से गांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने गांव में सीएचओ को भी नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्र पर बैठते हुए नहीं देखा है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि गांव में ही प्राथमिक उपचार और दवाइयां मिल सकेंगी, लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हुई। वहीं, ग्रामीण बुजुर्ग महिला लक्ष्मी बाई ने भी गांव में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के नियमित आने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें स्वास्थ्य केंद्र से दवाइयां भी नहीं मिलती हैं।

अधिकारियों के आने पर खुलने का ग्रामीणों का दावा

ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र का उपयोग नियमित स्वास्थ्य सेवा देने के बजाय केवल निरीक्षण के समय दिखावे के लिए किया जा रहा है। उनका आरोप है कि वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के समय केंद्र खोलकर व्यवस्था दिखाई जाती है, जबकि सामान्य दिनों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है। बीएमओ ने बताया कि वे बीच में एक बार केंद्र का निरीक्षण करने गए थे। उस समय रास्ता खुला था और स्वास्थ्य केंद्र भी खुला हुआ था। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति की जानकारी उन्हें अब मिली है और वे आगे की व्यवस्था के संबंध में व्यवस्था देखेंगे। वर्तमान में सुरमन्या उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएचओ पूनम दोहते के पदस्थ होने की जानकारी सामने आई है।

नियमित स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

सुरमन्या जैसे दूरस्थ गांवों में स्वास्थ्य केंद्रों का नियमित संचालन ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी उन्हें दूर जाना पड़ता है। ऐसे में यदि गांव में बनाया गया स्वास्थ्य केंद्र ही नियमित रूप से संचालित नहीं होगा तो लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए भवन का उद्देश्य ही अधूरा रह जाएगा। अब सवाल यह है कि क्या दूरदराज के गांवों में बनाए गए ऐसे स्वास्थ्य केंद्र वास्तव में नियमित रूप से

संचालित हो रहे हैं या केवल सरकारी रिकॉर्ड और निरीक्षण के दौरान ही इनकी मौजूदगी दिखाई देती है? सुरमन्या का मामला इस व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करता है।

हैंडओवर हो चुका है भवन

मामले को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेश मीणा से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र का भवन वर्ष 2025 में हैंडओवर हो चुका था। उस समय उनकी जगह कोई अन्य बीएमओ पदस्थ थे, जिनका बाद में स्थानांतरण हो गया।

डॉ. लोकेश मीणा, खंड चिकित्सा अधिकारी

वार्ड 9 के विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप पार्षद ने किया प्रदर्शन

बोले-आश्वासन नहीं विकास कार्य चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड क्रमांक 9 में विकास कार्यों की कथित अनदेखी को लेकर बुधवार को पार्षद दीपेश कानूनगो के नेतृत्व में स्थानीय लोगों और महिलाओं ने नगर निगम पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निगम परिसर की सीढ़ियों पर बैठकर नारेबाजी की। इस दौरान नगर निगम प्रशासन के साथ महापौर एवं महापौर प्रतिनिधि के खिलाफ भी नारे लगाए गए। पार्षद दीपेश कानूनगो ने आरोप लगाया कि पिछले करीब एक वर्ष से वार्ड क्रमांक 9 में कोई नया विकास कार्य मंजूर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में करीब 450 विकास कार्यों के टेंडर किए गए हैं, लेकिन इनमें वार्ड क्रमांक 9 का एक भी कार्य शामिल नहीं है। इससे वार्ड के रहवासियों में नाराजगी है और उन्हें मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कानूनगो ने कहा कि वार्ड के विकास कार्यों को लेकर वे लगातार नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा करते आ रहे हैं। अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए हैं तथा नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार को भी समस्याओं से अवगत कराया गया है। इसके बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से उन्हें जनता के साथ प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ा। पार्षद ने आरोप लगाया कि वार्ड की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन अब उनका फोन भी नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने निगम प्रशासन से वार्ड क्रमांक 9 में लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर जल्द शुरू कराने की मांग की। जनता को बार-बार आश्वासन देने के बजाय अब धरातल पर काम दिखाई देना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय रहवासियों ने वार्ड की समस्याओं को लेकर अपनी नाराजगी जताई और निगम प्रशासन से शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की।

अवैध मदिरा के विरुद्ध की कार्रवाई, पांच प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आबकारी आयुक्त म.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में, जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को आबकारी की सयुंक्त टीम द्वारा वृत्त टोंकखुर्द के ग्राम दोंता जागीर सांसी मोहल्ला एवं ग्राम चिड़ावद कंजर डेरा में कार्यवाही कर लगभग 1050 किलोग्राम महुआ लाहन, 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए।बरामद सामग्री का अनुमानित मूल्य 111000/- है।आज की कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी नीलेश पवार, आबकारी उपनिरीक्षक कैलाश जामोद, राजश्री खन्ना गहलोत, अरविंद सोलंकी,रवि मुकाती , योगेन्द्र सिंह ठाकुर, दीपक धुरिया तथा आबकारी मुख्य आरक्षक बालकृष्ण जायसवाल, गोविंद बड़ावदीया ,सुरेंद्र वर्सी, अरविंद जिनवाल आबकारी आरक्षक सनत ओझा, निहाल खत्री, निकिता परमार, सविता धाकड़ एवं नगर सैनिक अनिल चौहान सम्मिलित रहे।

अवैध हाथ भट्टीयों पर पुलिस की स्ट्राइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पुलिस थाना कमलापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिलआमला में थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध शराब निर्माण करने वालों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए, बड़ी मात्रा अवैध कच्ची शराब जप्त की गई है। मीणा ने बताया कि मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए भील आमला के जंगलों में अवैध रूप से हाथ भट्टी की महुआ शराब बनाने की दो भट्टीयों पर स्ट्राइक करते हुए मौके से 25 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब जप्त कर दो आरोपियों पठान सिंह पिता देवी लाल जाति भील उम्र 29 साल निवासी ग्राम भील आमला, मनोज पिता प्रेम सिंह भील उम्र 25 साल निवासी ग्राम भील आमला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा जंगल में स्थित अपने खेतों पर झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से महुआ से शराब बनाने का कारोबार चला रहे थे। शराब के साथ ही पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में सामग्री भी जप्त की गई। आरोपियों के खिलाफ 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

निगम ने नूतन स्कूल के समीप खुली जगह पर किया सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

निगमायुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम द्वारा स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से वार्ड 29 नूतन स्कूल के समीप स्थित खुली जगह की विशेष सफाई कर उसका सौंदर्यिकरण किया गया ताकि खुली जगह पर किसी भी प्रकार का कचरा न डाला जाए। अभियान के दौरान खुली जगह पर सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र की समुचित सफाई की गई। इसके पश्चात उक्त स्थल को व्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करते हुए नागरिकों के बैठने के लिए वेस्ट प्लास्टिक मेटेरियल से बनी कुर्सी एवं गमलों रखकर सौंदर्यीकरण किया गया। आयुक्त ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीनों के एकत्रित कर निगम की घर घर आने वाली कचरा संग्रहण वाहनों मे ही कचरा डालें तथा स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में निगम को सहयोग प्रदान करें। कार्य के दौरान निगम स्वच्छता निरीक्षक ओमप्रकाश पथरोड, स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर, वार्ड दरोगा के साथ संस्था फीडबैक फाउंडेशन टीम लीडर विभा गुप्ता एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

संयुक्त कलेक्टर जावला की अध्यक्षता में चिकित्सको नर्सिंग स्टाफ की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि बुधवार को संयुक्त कलेक्टर सह ओआईसी स्वास्थ्य अंशु जावला की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय के प्रबंधक, चिकित्सक, मेट्रन, नर्सिंग स्टॉफ की सयुक्त बैठक का आयोजन सीएमएचओ कार्यालय में किया गया। जावला ने जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के उचित चिकित्सकीय परीक्षण, जांच, परामर्श एवं उपचार के संबंध में ओपीडी, आईपीडी की वार्डवार जानकारी ली। उन्होंने इंचार्ज चिकित्सक, संबंधित मेट्रन से चर्चा कर वार्डवार उपलब्ध स्टाफ, जांच हेतु आवश्यक उपकरण एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोई भी नर्सिंग ऑफिसर या सेक्शन का स्टाफ छुट्टी पर जाता है तो तत्काल अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए। अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं रेफरल गर्भवती महिलाओं के उचित प्रबंधन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।बैठक में सिविल सर्जन डॉ. एस के खरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना केसरी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पा पवैया, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ वैशाली निगम, जिला क्षय अधिकारी डॉ अमरीन शेख, डीपीएचएनओ सुनीता सक्सेना, सहायक अस्पताल प्रबंधक प्रमोद गुणवान, समस्त मेट्रन एवं वार्ड इंचार्ज मौजूद रहे।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा टीईटी परीक्षा निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ बागली ब्लाक के अध्यक्ष संदीप सिसोदिया के नेतृत्व में देश के 25 लाख और मध्यप्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक साथियों पर थोपी जा रही अव्यवहारिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) के विरोध में संघ की प्रांतीय ईकाई के आह्वान पर निरस्त करने की मांग के साथ एक ज्ञापन तहसीलदार रवि शर्मा को सौंपा गया।ज्ञापन में शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने के पूर्व से कार्यरत शिक्षकों जिनको सेवा में 25-30 साल गुजर गये तथा जो सेवानिवृत्ति के करीब है उनकी वृद्धावस्था में पात्रता परीक्षा को अव्यवहारिक बताते हुए राज्य और केंद्र सरकार से अध्यादेश पारित कर निरस्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन का वाचन मध्यप्रदेश शिक्षक संयुक्त मोर्चा के पं राकेश नागौरी ने किया। इस अवसर पर संघ के ब्लाक पदाधिकारी, शिक्षक प्रहलाद चावड़ा,पं वासुदेव जोशी, महेश गोस्वामी, राजेश जाधम, गायत्री चावड़ा,अनिल जोशी आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे। आभार संदीप सिसोदिया ने माना।

पर्युषण पर्व अंतर्गत हुई कल्पसूत्र की आराधना

पर्युषण का प्राण तत्व ही है क्षमाः भाग्यवंत भाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पर्युषण के अंतर्गत ग्यारह वार्षिक कर्तव्यो का भी उल्लेख आता है। वर्षभर में इन्हे भी हमें पूर्ण करना चाहिए। ये कर्तव्य है- संघ पूजन, साधर्मिक भक्ति, तीर्थ यात्रा, स्नात्र महोत्सव, देवद्रव्य वृद्धि, महापूजा, रात्रि जागरण, श्रुत पूजा, उद्यापन, तीर्थ प्रभावना, आलोचना प्रायश्चित है। पर्वाधिराज पर्युषण हमारे जीवन का प्राण है, शुद्धि का सुत्र है, हृदय का हार है। पर्युषण का दूसरा नाम क्षमापना पर्व भी है।

क्षमापना है तो ही पर्युषण की सार्थकता है। श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन विशाल धर्मसभा में वीर सैनिक भाग्यवंत भाई , मेहुल भाई, धर्मेश भाई, भव्य भाई ने यह बात कही। आपने कहा कि प्रभु का दास कभी उदास नहीं होता है। क्षमा मांगना सरल है लेकिन क्षमा करना अत्यंत दुष्कर कार्य है। इसीलिए तो क्षमा को वीरो का आभुषण माना गया है, कायरो का नहीं। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि गुरुवार को पर्युषण के तृतीय दिवस पर श्री नवपद जी पूजन का लाभ छगनलाल रखबचंद जैन त्रिमूर्ति परिवार ने प्राप्त किया। सुबह प्रतिक्रमण एवं सामूहिक स्नात्र पूजन का दिव्य अनुष्ठान हुआ। कल्पसूत्रजी की भक्ति भावना का लाभ दिलीप कुमार मांगीलाल जैन गौतमपुरा वाला परिवार ने प्राप्त किया। महाआरती पश्चात देर रात तक कल्पसूत्र की संगीतमय भक्ति भावना का कार्यक्रम चलता रहा। जिसमें श्रद्धालु भक्त झूमते नाचते रहे। इस अवसर पर मुकेश चौधरी ,अरविंद जैन मामा ,कालू संघवी ,संजय कटारिया ,विलास तरवेचा ,मनीष जैन ,संजय तरवेचा, विनय जैन आदि उपस्थित थे।

पर्यावरण-अनुकूल मिट्टी की प्रतिमाएं बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पीएम श्री शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल कमलापुर में 'माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान' के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें मिट्टी से गणेश प्रतिमाएं बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक राकेश द्वारा विद्यार्थियों को मिट्टी से आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पाकर स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ अपने हाथों से सुंदर गणेश मूर्तियां तैयार कीं।नवांकुर समिति के गणेश यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए माटी गणेश अभियान के उद्देश्य और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्राचार्य अनंत नागर ने इस मुहिम की सराहना की और सभी विद्यार्थियों से आगामी गणेशोत्सव में अपने घरों में केवल माटी गणेश की ही स्थापना करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन लोकेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कमलापुर एवं नवांकुर नवयुग शिक्षण एवं सामाजिक सेवा संस्था पोलाय का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर शिक्षक रामचंद्र, अरविंद, पंकज पाटीदार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दुकान खुलवाने के नाम पर दो लाख लेने का आरोप

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के चौबयाना निवासी चंद्रशेखर दुबे पुत्र स्व.रामकिशन दुबे ने कटरा बाजार की जड़ीबूटी लाइन में किराने की दुकान संचालित करने वाले दीपक जैन व उसके भाई संजू जैन के खिलाफ धोखाधड़ी कर दो लाख रुपये लेने तथा रकम वापस मांगने पर अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चंद्रशेखर दुबे ने बताया कि दीपक जैन का उसके घर आना-जाना था और वह उसके परिवार से परिचित था। आरोप है कि दीपक जैन ने नई दुकान खुलवाने के नाम पर उससे और उसकी मां कुसुमलता दुबे से अलग-अलग तिथियों में कुल दो लाख रुपये लिए। 20 फरवरी 2026 को एक लाख रुपये, 21 फरवरी को 50 हजार रुपये तथा 22 फरवरी को 30 हजार रुपये उसकी मां से घर आकर लिए गए। इसके अतिरिक्त 20 हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से दिए गए। आरोप है कि रकम लेते समय अप्रैल माह के आसपास पैसा सुरक्षित वापस करने का आश्वासन दिया गया था। आरोप है कि जब उसने और उसकी मां ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। बाद में कथित तौर पर रुपये लौटाने से साफ इनकार कर दिया गया।

बस ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम रजवारा स्थित हनुमान मंदिर के पास बुधवार को तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बस संख्या यू.पी. 94 टी 8339 के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिसनारी बाग टीचर्स कॉलोनी निवासी गजेन्द्र पुत्र चन्द्रभान ने बताया कि उसका भाई भूपेंद्र परिहार पुत्र चन्द्रभान परिहार 8 सितंबर को ग्राम खोंखरा से अपनी अपाचे मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 एक्स 0840 से घर लौट रहा था। बताया गया कि दोपहर करीब 12.30 बजे भूपेंद्र रजवारा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचा। आरोप है कि इसी दौरान ललितपुर की ओर से आ रही बस संख्या यू.पी. 94 टी 8339 के चालक ने बस को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए गलत दिशा में लाकर बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। बस की टक्कर लगते ही भूपेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से बीएसए कार्यालय में मचा हड़कंप

सेवानिवृत्त शिक्षक से एरियर निकालने के नाम पर मांगे 5 हजार, वरिष्ठ सहायक को रंगे हाथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुख्यालय स्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पेंशन पटल पर तैनात वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा को कथित तौर पर पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। कार्रवाई उस समय हुई, जब 82 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक अपने महंगाई भत्ते के एरियर की करीब 30 से 40 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त करने के लिए कार्यालय पहुंचे थे। तालबेहट निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक मदनमोहन नामदेव वर्ष 2007 में माताटीला क्षेत्र के वनगुवां कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी उम्र वर्तमान में 82 वर्ष है। सेवानिवृत्त शिक्षक के अनुसार उनका महंगाई भत्ते का एरियर करीब 30 से 40 हजार रुपये अगस्त माह में आया था। उक्त धनराशि प्राप्त करने के लिए वह करीब एक माह से विभागीय कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। सेवानिवृत्त शिक्षक के मुताबिक पेंशन पटल पर तैनात वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा ने कथित तौर पर एरियर की धनराशि निकालने के एवज में उनसे पांच हजार रुपये की मांग की। सेवानिवृत्त शिक्षक ने बताया कि आठ सितंबर को हुई बातचीत के बाद उन्होंने 10 सितंबर को कार्यालय आकर रुपये देने की बात कही। इसके बाद सेवानिवृत्त शिक्षक ने गुरुवार सुबह पूरे मामले की जानकारी एंटी करप्शन टीम को दी।

शिकायत के आधार पर टीम ने कार्रवाई की रणनीति तैयार की और कार्यालय में अपना जाल बिछाया। बताया गया कि तय योजना के अनुसार सेवानिवृत्त शिक्षक रुपये लेकर बीएसए कार्यालय पहुंचे। इसी दौरान एंटी करप्शन टीम ने पेंशन पटल के वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा को कथित रूप से पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। टीम की कार्रवाई से कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के बाद एंटी करप्शन टीम ने संबंधित कर्मचारी के खिलाफ आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई शुरू कर दी। टीम द्वारा कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी मांगी गई। बताया गया कि फुटेज उपलब्ध कराने में टीम को करीब एक घंटे से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई की जानकारी फैलते ही बीएसए कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया गया कि दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे के बीच कार्यालय में तैनात कुछ कर्मचारी लंच ब्रेक का हवाला देते हुए टिफिन लेकर बाहर निकल गए। वहीं कार्रवाई के दौरान पकड़े गए वरिष्ठ सहायक राजेश कुशवाहा से संबंधित दस्तावेजी प्रक्रिया टीम द्वारा पूरी की जाती रही।

बीएसए बोले- टीम से लूंगा पूरी जानकारी

दोपहर करीब दो बजे कार्यालय पहुंचे बीएसए रत्नेश कुमार श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि वह अभी-अभी कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें दूरभाष के माध्यम से एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि टीम के सदस्यों से मिलकर पूरे मामले की जानकारी ली जाएगी। एंटी करप्शन टीम की इस कार्रवाई के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालय में दिनभर मामला चर्चा का विषय बना रहा।

संभव अभियान व आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की

बच्चों के ई-कवच पर फॉलोअप की अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर सीडीओ नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय पोषण माह-2026, संभव अभियान-2026 तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

इस दौरान निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय पोषण माह-2026 के लिए निर्धारित थीम के अंतर्गत सप्ताहवार जारी कैलेंडर के अनुसार गतिविधियां आयोजित करने तथा आयोजित गतिविधियों को जन आंदोलन डैशबोर्ड पर नियमित रूप से फीड करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संभव अभियान-2026 के निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने पर जोर दिया गया। संभव अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर, विशेष रूप से सैम (गंभीर रूप से कुपोषित) बच्चों के ई-कवच पर फॉलोअप की अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तत्काल सुधार लाने और सैम बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी फॉलोअप को प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में टीएचआर उत्पादन इकाइयों एवं नैफेड द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर समय से अनुपूरक पुष्टाहार की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। आपूर्ति किए गए अनुपूरक पुष्टाहार को केंद्र पर पंजीकृत सभी पात्र लाभार्थियों तक पोषण ट्रैकर के माध्यम से शत-प्रतिशत वितरित कराने को कहा गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत 0 से 05 वर्ष तक के सभी बच्चों की नियमित ग्रोथ मॉनीटरिंग करने तथा उन्हें आवश्यक पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। सक्षम आंगनबाड़ी के अंतर्गत चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पोषण वाटिका एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय से कार्यालय में उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत कल

सुलह-समझौते से होगा वादों का निस्तारण

ललितपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर 2026 शनिवार को जनपद न्यायालय सहित समस्त न्यायालयों एवं अधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रभारी जिला जज एवं अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह ने समस्त वादकारियों एवं आम जनमानस से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण कराने की अपील की है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के सुलह योग्य मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से मोटर दुर्घटना दावा वाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल कर से संबंधित मामले, राजस्व वाद, आपराधिक शमनीय वाद तथा यातायात चालान से संबंधित प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा अन्य सुलह योग्य मामलों का भी लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार लोक अदालत में वादों का निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते के आधार पर किया जाता है। इससे पक्षकारों को लंबे समय तक चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया में लगने वाले समय, धन एवं मानसिक तनाव से राहत मिलती है। लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित मामलों में नियमानुसार न्यायालय शुल्क (कोर्ट फीस) वापस किए जाने का भी प्रावधान है। प्रभारी जिला जज/अध्यक्ष ने वादकारियों से अपील की है कि वह 12 सितंबर को सुबह 10 बजे जनपद न्यायालय में उपस्थित होकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से लंबित अथवा सुलह योग्य वादों का त्वरित एवं स्थायी निस्तारण कराएं।

बीएसए के निरीक्षण में विद्यालयों की खुली पोल, प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब

ककडारी व कडेसराकलां के स्कूलों में मिली खामियां, शिक्षामित्र व शिक्षक थे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बेसिक शिक्षा विभाग की व्यवस्थाओं और विद्यालयों में शिक्षण कार्य की हकीकत जानने के लिए बीएसए रत्नेश कुमार ने विकास खंड तालबेहट के विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं पठन-पाठन एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं तो कई विद्यालयों में शिक्षकों की लापरवाही, अनुपस्थिति, गंदगी, खराब शौचालय, उपस्थिति पंजिकाओं में अनियमितता और मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में कमी जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। बीएसए ने संबंधित विद्यालयों के जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। बीएसए ने सुबह 8.20 बजे कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय ककडारी का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रार्थना स्थल पर केवल एक शिक्षक की मौजूदगी में प्रार्थना कराई जा रही थी, जबकि अन्य शिक्षक कक्षों में बैठे पाए गए। शिक्षामित्र रजनी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिलीं। विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति भी मात्र 25 रही। विद्यालय का भौतिक परिवेश असंतोषजनक पाए जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण तलब किया गया। सुबह 8.35 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय बम्हौरीसर के निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक स्मिता तिवारी उपस्थित मिलीं और बच्चे प्रार्थना करते पाए गए। इसके बाद सुबह 8.40 बजे पीएमश्री विद्यालय प्राथमिक स्तर बम्हौरीसर का निरीक्षण किया गया। यहां बच्चों को योगाभ्यास कराया जा रहा था। बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही और विद्यार्थी गणवेश में मिले। वहीं सुबह 8.50 बजे प्राथमिक विद्यालय बम्हौरीसर में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से संचालित मिला।

बीएसए ने प्रधानाध्यापक को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सुबह 9 बजे प्राथमिक विद्यालय टेकरी के निरीक्षण में छात्रों की संख्या बेहद कम पाई गई। विद्यालय परिसर में भी साफ-सफाई का अभाव मिला। बीएसए ने समस्त स्टाफ को विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार करने और शैक्षिक वातावरण बेहतर बनाने के निर्देश दिए। सुबह 9.15 बजे प्राथमिक विद्यालय कत्क्याई कडेसराकलां के निरीक्षण में शिक्षामित्र रजिया बानों और रीता सोनी एक कक्ष में बैठकर भोजन करती मिलीं, जबकि विद्यालय के बच्चे बाहर खेल रहे थे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में गंदगी, अपूर्ण रंगाई-पुताई और जीर्ण-शीर्ण शौचालय की स्थिति सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सुबह 9.35 बजे पूर्व माध्यमिक विद्यालय कडेसराकलां के निरीक्षण में कर्मचारियों की दो अलग-अलग उपस्थिति पंजिकाएं संचालित होने की बात सामने आई। वहीं मध्याह्न भोजन के तहत तैयार की जा रही तहरी मेन्यू के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिली।

विद्यालय का हैंडवॉश भी अक्रियाशील पाया गया और परिसर में गंदगी मिली। निरीक्षण में बच्चों का शैक्षिक स्तर भी असंतोषजनक पाया गया। इन कमियों पर संबंधित जिम्मेदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सुबह 9.40 बजे कन्या प्राथमिक विद्यालय कडेसराकलां के निरीक्षण में सहायक अध्यापक प्रिन्सी पटेल बिना सूचना के अनुपस्थित मिलीं। हालांकि विद्यालय में बच्चों का शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाया गया। औचक निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को लेकर बीएसए रत्नेश कुमार ने संबंधित प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

आप की बैठक में विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ने पर जोर



ललितपुर। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक 9 सितंबर 2026 को आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और संगठन को मजबूत करने को लेकर मंथन किया। बैठक में मुख्य अतिथि आप के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संजय सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लडने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। प्रदेश स्तरीय बैठक में हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी ललितपुर भी शामिल हुए। पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता, ईमानदारी और समर्पित भाव से किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने की घोषणा की गई। हरदयाल सिंह लोधी एडवोकेट को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने पर ललितपुर एवं पाली क्षेत्र से पहुंचे अधिवक्ताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि हरदयाल सिंह लोधी को राष्ट्रीय परिषद में जिम्मेदारी मिलने से ललितपुर जनपद में संगठन को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी के माध्यम से वह पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। चुनाव की तैयारियों को लेकरमजबूती के साथ जुटने का संकल्प लिया।

जीजा की डिग्री पर डॉक्टर दंपती पर अस्पतालों में इलाज का आरोप

ललितपुर। जिले में फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज और छद्म पहचान के सहारे डॉक्टर बनकर चिकित्सा व्यवसाय करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने संगठित तरीके से फर्जीवाड़ा कर चिकित्सा क्षेत्र में सक्रिय रहे दंपती के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 2/3 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अभिनव सिंह को गिरोह का गैंग लीडर तथा उसकी पत्नी लवीना सिंह को सक्रिय सदस्य के रूप में नामजद किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों पर फर्जी डिग्री, दूसरे व्यक्ति की पहचान का इस्तेमाल करने, कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सक के रूप में कार्य करने तथा विभिन्न अस्पतालों में मरीजों का उपचार करने सहित कई गंभीर आरोप हैं। मामले में मुख्य आरोपी अभिनव सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि उसकी पत्नी लवीना सिंह को भी गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले का खुलासा अमेरिका के टेक्सस में रहने वाली डा.सोनाली सिंह की शिकायत के बाद हुआ।

उन्होंने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके इंजीनियर भाई अभिनव सिंह ने उनके पति डा.राजीव गुप्ता की एमबीबीएस और एमडी की डिग्रियों का कथित रूप से दुरुपयोग कर उनकी पहचान अपनाई और इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर चिकित्सा क्षेत्र में नौकरी हासिल की। शिकायत के बाद हुई जांच में फर्जीवाड़े से जुड़े कई तथ्य सामने आने की बात पुलिस की ओर से कही गई है। जांच में सामने आया कि अभिनव सिंह ने कथित तौर पर अपने जीजा डा.राजीव गुप्ता की शैक्षणिक योग्यता और पहचान का इस्तेमाल कर स्वयं को चिकित्सक के रूप में प्रस्तुत किया। वहीं उसकी पत्नी लवीना सिंह ने कथित रूप से डा.दीपाली सिंह के नाम से छद्म पहचान बनाकर चिकित्सा व्यवसाय शुरू किया। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने मिलकर बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश किया।

हर बूथ पर बनेगी 15 सदस्यीय कमेटी

बूथ मजबूत तो कांग्रेस मजबूत : गुडडू राजा

सौजना में संगठन सृजन अभियान की समीक्षा बैठक हुई

ललितपुर। महरौनी ब्लॉक के अंतर्गत न्याय पंचायत सौजना में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, प्रत्येक बूथ पर 15 सदस्यीय कमेटी गठित करने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव चंद्रभूषण सिंह बुंदेला 'गुडडू राजाइ एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने किया। इस दौरान मंडल एवं न्याय पंचायत स्तर के पदाधिकारियों के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार झा, जितेंद्र सिंह परमार, रघुवीर सिंह बुंदेला, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, जिला सचिव रिंकू तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष रब्बी राजा तथा महरौनी नगर अध्यक्ष राकेश सेन सहित अन्य पदाधिकारियों से संगठन की गतिविधियों की जानकारी ली गई। मुख्य अतिथि गुडडू राजा बुंदेला ने न्याय पंचायत अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर 15-15 सदस्यों की कमेटी तैयार करें।

उन्होंने कहा कि बूथ कमेटियों में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी संगठन के लिए जिम्मेदारी के साथ काम करने में सक्षम नहीं हैं, वह समय रहते अपना पद छोड़ सकते हैं। गुडडू राजा बुंदेला ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में मोहब्बत, रोजगार, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, महिलाओं को न्याय और युवाओं को रोजगार दिलाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों को जनता तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि जिले में बूथ स्तर पर संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत दिखाई देगी।

भाजपा समेत अन्य दलों से आए लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ: बैठक के दौरान भाजपा एवं अन्य दलों को छोड़कर कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि गुडडू राजा बुंदेला ने नए सदस्यों को माला पहनाकर कांग्रेस में स्वागत किया।

48 साल से कायम है गणेश स्थापना की परंपरा

लालबाग के राजा की तर्ज पर कटरा बाजार में विराजेंगे गणपति

डोल ग्यारस पर होगी भव्य महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गणेश महोत्सव को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक तैयारियां जोर पकडऩे लगी हैं। मूर्तिकार दिन-रात भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। नगर में करीब 84 स्थानों पर गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की तैयारी है, वहीं घर-घर भी प्रथम पूज्य भगवान गणेश का स्वागत किया जाएगा। इसी क्रम में शहर के कटरा बाजार में इस वर्ष भी मुंबई के प्रसिद्ध लालबाग के राजा की तर्ज पर गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा विराजमान होगी। कटरा बाजार में गणेश उत्सव की यह परंपरा करीब 41 वर्ष पुरानी है। वर्ष 1986 में शुरू हुई गणेश प्रतिमा स्थापना की परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। गणेश महोत्सव के दौरान कटरा बाजार की झांकी जिलेभर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन करते हैं और मनोकामना पूर्ति की आस्था के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। आयोजकों के अनुसार कटरा बाजार निवासी रामस्वरूप दाऊ मुंबई गए थे। वहां उन्होंने गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन और गणपति प्रतिमाओं की सजावट देखी। इससे प्रभावित होकर उन्होंने अपने साथी पुत्तन सोनी, चंद्रभान और मथुरा प्रसाद सोनी के साथ कटरा बाजार में भी गणेश प्रतिमा स्थापित करने की इच्छा जताई। उस समय ललितपुर में गणेश

प्रतिमाओं का निर्माण व्यापक रूप से नहीं होता था। ऐसे में ज्वैलर्स और पहलवान के नाम से प्रसिद्ध राम सोनी ने गणेश प्रतिमा बनाने की जिम्मेदारी उठाई। उन्होंने पहली बार आकर्षक और विशाल मिट्टी की गणेश प्रतिमा तैयार की, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी। इसके बाद उन्होंने चारा और घास आदि का प्रयोग कर भी गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। धीरे-धीरे कटरा बाजार का गणेश उत्सव एक प्रमुख धार्मिक आयोजन के रूप में पहचान बनाने लगा।

चार वर्षों से लालबाग के राजा की तर्ज पर स्थापना

आयोजकों के मुताबिक पिछले चार वर्षों से कटरा बाजार में मुंबई के लालबाग के राजा की तर्ज पर गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस बार की गणेश प्रतिमा मुंबई से तीन दिन पहले मंगाई गई है। प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए विशेष रूप से चांदी के आभूषण तैयार कराए गए हैं। भगवान गणेश को चांदी का मुकुट, आशीर्वाद मुद्रा वाला चांदी का हाथ का पंजा, चांदी के कड़े और चांदी के पैर पहनाए जाएंगे।

डोल ग्यारस पर विमानों की महाआरती बनेगी मुख्य आकर्षण

कटरा बाजार की गणेश झांकी में डोल ग्यारस का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहता है। डोल ग्यारस पर नगर के विभिन्न मंदिरों से भगवान के विमान सुम्मेरा तालाब पहुंचते हैं। यहां विमानों में विराजमान भगवान बांके बिहारीजी का गंगाजल से विहार कराया जाता है। इसके बाद वापस लौटते समय नगर के विमान कटरा बाजार स्थित गणेश झांकी पर पहुंचते हैं। यहां भगवान गणेश की आरती के साथ भगवान बांके बिहारीजी का भव्य पूजन और महाआरती की जाती है। इस धार्मिक आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु कटरा बाजार पहुंचते हैं। बताया जाता है कि पहले डोल ग्यारस के विमान गणेश झांकी पर नहीं आते थे। गणेश महोत्सव समिति के आग्रह के बाद यह परंपरा शुरू हुई, जो अब गणेश उत्सव का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

रात्रि में भी पंडाल की रहेगी व्यवस्था

गणेश झांकी पर प्रतिदिन रात्रि में 10 से 15 लोगों का दल रुककर व्यवस्था संभालेगा। सुबह और शाम श्रीगणेश पंडाल में विधि-विधान से पूजन और भव्य महाआरती होगी। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सराफा व्यापार संगठन की अध्यक्ष मज्जू सोनी ने बताया कि गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। मुंबई की तर्ज पर गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के साथ धार्मिक परंपरा को भी निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

यह लोग संभाल रहे आयोजन की जिम्मेदारी

कटरा बाजार गणेश उत्सव की तैयारियों में मज्जू सोनी, देवेंद्र सोनी, गिरीश पाठक सोनू, राम पहलवान, लक्ष्मीनारायण सोनी, राजू सोनी, नवल किशोर सोनी, श्रीकांत करौलिया और वीरू सोनी सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। समिति सदस्यों का कहना है कि चार दशक से अधिक पुरानी इस परंपरा को आगे भी पूरी श्रद्धा, भव्यता और उत्साह के साथ जारी रखा जाएगा।

अनुमति के सवाल पर नगर परिषद और एमपीआरडीसी आमने-सामने

नगर सहित स्टेट हाईवे व प्रधानमंत्री सड़क पर रिफ्लेक्टर-स्पीड ब्रेकर पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर की सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों से जूझ रही हैं। स्टेट हाईवे और प्रधानमंत्री सड़क की हालत भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लेकिन नगर परिषद की प्राथमिकता पर सवाल तब खड़े हो गए, जब गड्ढों से जूझ रही करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क पर लगभग 19 स्पीड ब्रेकर लगा दिए गए।

इतना ही नहीं, नगर सहित विभिन्न सड़कों पर करीब 19 लाख रुपए की लागत से रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने का काम किए जाने की बात सामने आई है। नगर पालिका ने सड़क के गड्ढों की मरम्मत छोड़ स्पीड ब्रेकरों की भरमार ला दी है। डेढ़ किलोमीटर सड़क पर करीब 19 स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहन चालकों के भी सवाल उठ रहे हैं।

जिस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं, वहां पहले सड़क की मरम्मत होना जरूरी थी या स्पीड ब्रेकर लगाए जाना? लोगों का कहना है कि सड़क की मूल समस्या दूर करने के बजाय जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाकर आखिर किस समस्या का समाधान किया जा रहा है? यदि उद्देश्य सड़क सुरक्षा है तो गड्ढों को छोड़कर सिर्फ स्पीड ब्रेकर लगाना किस तरह की सड़क सुरक्षा व्यवस्था है?

जब अनुमति ही नहीं तो किसके आदेश पर हुआ काम?

यहीं से पूरे मामले पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि सड़क एमपीआरडीसी के अधीन है और विभाग के अनुसार उससे कोई अनुमति नहीं ली गई, तो नगर परिषद ने किस आधार पर वहां स्पीड ब्रेकर लगवाए?और यदि नगर परिषद का दावा है कि नगरीय सीमा में उसे स्पीड ब्रेकर लगाने का अधिकार है, तो फिर संबंधित सड़क एजेंसी को इसकी जानकारी या अनुमति की जरूरत क्यों नहीं समझी गई?क्या नगर परिषद की सीमा में आते ही किसी भी विभाग की सड़क पर बिना संबंधित एजेंसी की अनुमति के मनमाने तरीके से स्पीड ब्रेकर लगाए जा सकते हैं?

स्पीड ब्रेकर बनाने में कर दिए 19 लाख खर्च का जवाब कौन देगा?

नपा ने करीब 19 लाख रुपए के रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने के काम ने खर्च की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इस राशि का प्रस्ताव किसने बनाया? किस मद से भुगतान किया गया? कार्यादेश किसके द्वारा जारी हुआ? कितने स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाए गए? उनकी दर क्या रही? और सबसे अहमकृक्या काम शुरू करने से पहले आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय स्वीकृतियां ली गई थीं?इन सवालों के जवाब सामने आना जरूरी है।

अनुमति पर सीएमओ और एमपीआरडीसी आमने-सामने

स्टेट हाईवे अगर नगरीय सीमा में आता है, तो नगर परिषद स्पीड ब्रेकर लगा सकती है, इसमें किसी भी विभाग की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

-देवेंद्र वत्स, मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर

एमपीआरडीसी से किसी तरह की परमिशन नहीं ली गई है। रोड पर इतने स्पीड ब्रेकर लगाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। मैं इस संबंध में सीएमओ से बात करता हूँ।

-ईश्वर चांदेली, डीएम एमपीआरडीसी राजगढ़

संत के भक्तों ने सुरक्षा देने व आरोपी को दंड देने की रखी मांग

पं. कमल नागर को मिली धमकी के विरोध में नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मालवा माटी के प्रख्यात संत पंडित कमल किशोर नागर को विगत दिनों कथा के दौरान एक पत्र से मिली धमकी के विरोध में उनके अनुयायियों में खासा आक्रोष व्याप्त है। इसी के चलते संत श्री नागर को सुरक्षा देने एवं उक्त धमकी देने वाले को पकड़कर यथोचित कार्रवाई के लिए अनेक भक्तों ने बुधवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अजाक डीएसपी नेहा गौर को एक ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि गत 4 सितंबर पंडित नागर झाबुआ जिले के भूरा डाबरा स्थित गुरू कृपा शबरी गौशाला में रात्रिकालीन कथा कर रहे थे। इस दौरान भेंट स्वरूप प्राप्त प्रसाद, शॉल, श्रीफल आदि सामग्री के बीच धमकी भरी चिट्ठी मिली। इसमें पंडित नागर को धमकी दी गई थी।

महाराज रुकवा रहे धर्मांतरण इसलिए मिली धमकी

एसपी ऑफिस पहुंचे गौ भक्त मंडल खिलचीपुर, जीरापुर भक्तों ने बताया कि पंडित नागर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में लगातार हो रहे धर्मांतरण के खिलाफ अलख जगा रहे हैं। इसके साथ ही अनेकों लोगों की हिन्दू धर्म में वापसी श्री नागर ने करवाई है। यह बात धर्मविरोधियों के गले नहीं उतर रही और वे आवाज दबाने धमकियां दे रहे हैं। ऐसे में धमकी भरे उक्त पत्र को गंभीरता से लेते हुए संत श्री की सुरक्षा और आश्रम की सुरक्षा की मांग करते हुए संबंधित दोषी पर कार्रवाई की मांग भी रखी गई है।

मंदिर से बटेरी माता तक पथ बनाने पर चर्चा की

खोयरी मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन, कलेक्टर रहेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर की उपस्थिति में बुधवार दोपहर खोयरी महादेव मंदिर परिसर में ट्रस्ट के पुनर्गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई। नवगठित ट्रस्ट में कलेक्टर को अध्यक्ष बनाते

हुए डीएफओ, पुलिस अधीक्षक, सांसद एवं राजगढ़ विधायक को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही गोपाल विजयवर्गीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र बैस उपाध्यक्ष, प्रवीण सिंह पंवार सचिव, हेमेंद्र शर्मा सह-सचिव, बालकिशन गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा एवं अधिवक्ता एचबी व्यास संरक्षक रहेंगे।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविरों में प्रसूताओं की निशुल्क सोनोग्राफी के लिए दिए गए ई-टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को जिले की 10 प्रमुख स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंची गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच कराई और आवश्यक उपचार प्राप्त किया। शिविरों के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने व्यवस्थाओं को देखा और गर्भवती महिलाओं को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से उनके ई-टिकट जनरेट करवाए। इन टिकटों के माध्यम से महिलाएं चिन्हित निजी सोनोग्राफी सेंटरों पर जाकर पूरी तरह निःशुल्क सोनोग्राफी करा सकेंगी। अधिकारियों के अनुसार ई-टिकट जनरेट होने के बाद संबंधित महिला आगामी 7 दिनों की समयावधि के भीतर अपनी निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है।

निजी सेंटर पर निःशुल्क होगी सोनोग्राफी

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि ई-टिकट जनरेट होने के बाद संबंधित महिला आगामी 7 दिनों की समयावधि के भीतर अपनी निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है। यह निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा किसी भी निजी सेंटर पर पहुंचकर ली जा सकती है। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है।

नेहरू बालोद्यान में जमा बारिश का पानी, डेंगू के मच्छरों का बढ़ा खतरा

पार्क में जलभराव से लोग परेशान, ओपन जिम व पार्क बंद, पानी निकासी न होने से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सिविल अस्पताल के सामने वार्ड 08 में स्थित नेहरू बालोद्यान पार्क इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। बारिश थमने के बाद भी पार्क परिसर में बड़ी मात्रा में पानी जमा है। लंबे समय से जमा पानी अब मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में डेंगू सहित मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान पार्क में पानी भर जाता है, लेकिन जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से समस्या बनी रहती है। इस बार भी बारिश का पानी पार्क में जमा है और कई दिनों

बाद भी इसकी निकासी नहीं हो सकी है। तस्वीर में भी पार्क के पैदल मार्ग पर पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है। वही नेहरू बालोद्यान में सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग टहलने पहुंचते हैं। इसके अलावा पार्क में बने ओपन जिम का भी लोग नियमित रूप से उपयोग करते हैं। जलभराव और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के चलते फिलहाल पार्क को बंद रखा गया है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा समय रहते पानी की निकासी और मच्छर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जमा पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका के बीच लोगों ने जल्द पानी निकलवाने और दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि नगर पालिका पार्क में जमा पानी की

बाजार में अतिक्रमण हटाने निकला नपा अमला सामान जब्त कर दुकानदारों को चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर में दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण और फुटपाथ पर बैठकर कारोबार करने वालों के खिलाफ बुधवार को नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की। नगर पालिका के अमले ने विभिन्न मार्गों पर पहुंचकर सड़क व फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया। इस दौरान कई व्यापारियों का सामान जब्त किया गया, जबकि कुछ लोगों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

कार्रवाई के दौरान शराब ठेके के बाहर लगी अंडे की घूमटी सहित फुटपाथ पर बैठे कई व्यापारियों के सामान को नगर पालिका अमले ने जब्त किया। वहीं पुराने एबी रोड और अकोदिया नाका क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सड़क और फुटपाथ पर सामान रखकर व्यवसाय करने वालों को हटाया गया, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में हलचल का माहौल रहा। हालांकि कार्रवाई को लेकर नगर में अलग-अलग चर्चाएं भी सामने आईं। कुछ लोगों का कहना था कि अतिक्रमण

हटाने की कार्रवाई शुरू होने के बाद जल्द ही इतिश्री कर दी गई, जबकि अकोदिया नाका और पुराने एबी रोड पर कार्रवाई अपेक्षाकृत सख्त नजर आई। वहीं कुछ व्यापारियों ने अचानक कार्रवाई किए जाने और पूर्व सूचना अथवा नोटिस नहीं दिए जाने की बात भी कही। अब सवाल यह उठ रहा है कि नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई सभी क्षेत्रों में समान रूप से चलेगी या फिर कुछ स्थानों तक ही सीमित रहेगी। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका आरआई राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद, सतीश कंडारे, जितेंद्र दवारे सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

राज्य कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन व टीईटी समाप्त करने की प्रमुख मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आव्हान परमंगलवार खुजनेर तहसील इकाई द्वारा तहसीलदार खुजनेर के माध्यम से प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव (मध्य प्रदेश शासन) के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया। तो प्रदेश भर के कर्मचारियों में पनप रहा असंतोष किसी भी समय बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। कर्मचारी संघ के अनुसार, मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं और कर्मचारी हितैषी वादों के बावजूद अभी तक कई महत्वपूर्ण आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से नए वेतन आयोग का गठन और दो से अधिक संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे विषय लंबित हैं। पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ लागू कर ग्रेच्युटी 25 लाख की जाए। नवीन शैक्षणिक संवर्ग की सेवा अवधि नियुक्ति दिनांक से गिनी जाए। केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए। लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान मिले। दो से अधिक संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो। दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी कर्मियों का नियमितीकरण कर आउटसोर्स कर्मियों को शासकीय सेवक माना जाए।

टेट परीक्षा को लेकर राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा

जीरापुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर टेट परीक्षा एवं अन्य मांगों को लेकर तहसील कानूनगों शिवनन्दन दांगी को प्रधानमंत्री , मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।संघ ने प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित 25 न्यायोचित मांगों पर शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की। संघ ने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई कर्मचारी हितैषी घोषणाओं के बावजूद स्वास्थ्य बीमा योजना, कर्मचारी आयोग के गठन और दो संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे मामलों में अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

प्रमुख मांगें

पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ बहाल हो व ग्रेच्युटी सीमा 25 लाख की जाए, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान साथ ही दो संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो , दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी व आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण, पंचायत सचिवों का पंचायत विभाग में संविलियन, कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करना और शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देना।इसके अलावा टेट परीक्षा समाप्ति के लिए विशेष सत्र बुलाने, अनुकंपा नियुक्ति, ई-अटेंडेंस में सुधार और विभिन्न विभागीय संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा , जिला संगठन मंत्री फुलसिंह वर्मा , आराधना शर्मा मौजूद रहे।

लंबित प्रकरण में गवाही के लिए उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर मुनेन्द्र सिंह वर्मा के न्यायालय में थाना सुवासरा के लंबित प्रकरण क्र. 62/2019 में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी बलराम सोलंकी द्वारा बताया गया कि मंदसौर में पदस्थापना के दौरान साक्षी उपनिरीक्षक राजू सिंह अहिरवार ने अपराध क्रमांक 132/2019 धारा 8/15 एनडपीपीएस एक्ट में 23 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा आरोपी रजिन्दर सिंह पिता कुलदीप सिंह निवासी झन्डाकला जिला मानसा पंजाब से जप्त किया था। वर्तमान में जिला पुलिस बल ग्वालियर में पदस्थ उक्त प्रकरण में साक्षी उप निरीक्षक राजु सिंह अहिरवार की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा लगभग 17 से अधिक बार गिरफ्तारी वारंट साक्ष्य हेतु जारी किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से वारंट भेजने पर भी उनि राजुसिंह अहिरवार उपस्थित नहीं हुआ। जबकि प्रकरण नारकोटिक्स का गंभीर मामला है उक्त प्रकरण को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शीघ्र निराकरण के निर्देश हैं। न्यायालय ने माना कि साक्षी उनि राजुसिंह अहिरवार जानबूझकर गवाही देने से बच रहा है, इस कारण न्यायालय द्वारा पेंशन/वेतन रोकने का आदेश दिया। साक्षी की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु न्यायालय ने आदेश दिनांक 09.09.2026 से कोषालय अधिकारी ग्वालियर को आदेश दिया है कि साक्षी का वेतन/पेंशन इस न्यायालय के आदेश के बिना आहरित न किया जाए। साक्षी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए माननीय न्यायालय द्वारा संबंधित पुलिस अधीक्षक ग्वालियर एवं मंदसौर को भी इस संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं।

आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने बिजासन धाम में किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी भैंसवा माताजी स्थित मां बिजासन धाम पहुंचे। उन्होंने मां बिजासन के दर्शन-पूजन कर विश्व कल्याण एवं सद्भावना की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे मंदिर निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित समाजसेवियों एवं समिति सदस्यों से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान सुरेश सोनी ने कहा कि मंदिर केवल देव स्थान नहीं होते, बल्कि समाज जीवन की दिशा तय करने वाले विभिन्न आयामों के केंद्र भी होते हैं। इसी सोच के साथ मां बिजासन धाम के सर्वांगीण विकास की दिशा में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। माता धाम परिसर में नक्षत्र वाटिका, योगशाला, यज्ञशाला, वैदिक संस्कृत पाठशाला, धन्वंतरि उद्यान, परिक्रमा मार्ग, प्रगति संस्थान, ग्रामीण आजीविका प्रशिक्षण केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिथि विश्राम गृह, ग्रामीण पर्यटन, गौशाला सहित मां भगवती का उद्गम स्थल, दूध तलाई, गुरु गोरक्षनाथ जी की तपोस्थली एवं धुना स्थल तथा कथा पंडाल जैसे विभिन्न आयामों को विकसित किया जा रहा है।

पर्यावरण और जल संरक्षण पर दिया जोर

सुरेश सोनी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहाड़ियों पर किए गए वृक्षारोपण कार्यों का भी अवलोकन किया। पौधों की सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग की व्यवस्था को देखा। उन्होंने जल संरक्षण के लिए तालाबों के गहरीकरण के साथ वाटर रिचार्ज प्रणाली विकसित करने तथा पहाड़ियों पर वाटर रिचार्ज ड्रेन बनाए जाने पर जोर दिया।

नन्ही बालिका ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शिक्षा, ज्ञान को बढ़ावा देने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को तैयार करने के उद्धेश्य से किए जा रहे प्रशासनिक प्रयासों की कड़ी में जिले की भाटखेड़ी ग्राम पंचायत में नवीन पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया है। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बने इस पुस्तकालय का बुधवार को विधि-विधान से उद्घघाटन करवाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत

सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने एक नन्हीं बालिका से फीता कटवाते हुए पुस्तकालय आरंभ करवाया। पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण, पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

धर्म को प्रकृति से जोड़ने का किया गया प्रयास

पर्यावरण बचाने बच्चों ने मिट्टी से बनाईं ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गणेश उत्सव के साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना समाहित करने के उद्धेश्य से नगर के के.के. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रतिमाएं पूरी तरह मिट्टी से बनाई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मिट्टी से भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को बनाना सीखा। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र-छात्राओं ने 100 से अधिक मूर्तियां तैयार की हैं। इस पहल का उद्धेश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते

हुए कहा कि आने वाले गणेश उत्सव में हम सभी को अपने घरों में पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की ही स्थापना करनी चाहिए। यदि प्रतिमा अपने हाथों से बनाकर स्थापित की जाए तो यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का और भी सुंदर माध्यम होगा।

प्रकृति के लिए नुकसानदायक है पीओपी

स्कूल प्राचार्य ने बच्चों को समझाया कि पीओपी(प्लास्टर ऑफ पेरिस) एवं अन्य रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं के स्थान पर प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करने से जल स्रोतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं मेघा रानी मेवाड़े, अलीशा, भगवती त्यागी, भगवती पवार सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिमा निर्माण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 सितंबर मंगलवार से गणेशोत्सव का आगाज होने जा रहा है।

मंदसौर जिला अस्पताल में माइक्रो बायोलॉजी-हिस्टोपैथोलॉजी लैब प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

इंदिरा गांधी जिला अस्पताल में गुरुवार को माइक्रोबायोलॉजीऔर हिस्टोपैथोलॉजी सर्विस लैब शुरू की गई। अब अस्पताल में संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया और फंगस की जांच के साथ टिश्यू और बायोप्सी की जांच भी हो सकेगी। इससे मरीजों को इन जांचों के लिए दूसरे बड़े शहरों में सैंपल भेजने की जरूरत कम होगी। जिला अस्पताल में पहले माइक्रोबायोलॉजी लैब नहीं थी। अब माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने यह सुविधा शुरू की है। लैब में यूरिन, बलगम और ब्लड जैसे सैंपल की जांच होगी। इनमें मौजूद बैक्टीरिया की पहचान की जाएगी। इसके बाद यह भी जांचा जाएगा कि संबंधित बैक्टीरिया पर कौन-सा एंटीबायोटिक प्रभावी होगा।

लैब में फंगल इंफेक्शन की जांच भी होगी। त्वचा, नाखून और आंखों समेत शरीर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले फंगल संक्रमण की पहचान की जा सकेगी। हिस्टोपैथोलॉजी सेवा के तहत प्रभावित टिश्यू की बारीकी से जांच और बायोप्सी की सुविधा शुरू हुई है। लैब का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. बीएल रावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी मौजूद रहे।